संजौली में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण शुरू

शिमला। उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के बीस चयनित विद्यार्थी मधुमक्खी पालन सीखेंगे। इसके लिए कॉलेज के जीव विज्ञान ने उद्यान विभाग हिमाचल प्रदेश के सहयोग से छात्र-छात्राओं को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण देने के लिए सोमवार से कॉलेज में पांच दिन की कार्यशाला शुरू की। उद्यान विभाग के निदेशक विनय कुमार ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा, जीव विज्ञान की अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी शर्मा, श्वेता शर्मा, संयुक्त निदेशक डॉ. एचसी शर्मा, सीनियर प्लांट प्रोटेक्शन ऑफिसर डॉ. केके सिन्हा और मौन पालन विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता भी मौजूद रहे। ब्यूरो

शिमला : संजौली कालेज के छात्र-छात्राएं प्राचार्य के साथ संयुक्त चित्र में। (नरेश)

20 छात्रों ने लिया मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

शिमला, 9 अगस्त (ब्यूरो) : उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के जीव विज्ञान के छात्रों के लिए 5 दिवसीय मधुमक्खी पालन विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय की स्टार कालेज स्कीम के अन्तर्गत उद्यान विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा करवाई गई। इसमें जीव विज्ञान के करीब 20 छात्रों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर उद्यान विभाग के निदेशक विनय सिंह तथा संजौली महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर संजौली महाविद्यालय की जीव विज्ञान की विभागाध्यक्ष डा. मीनाक्षी शर्मा, डा. श्वेता शर्मा, विषय विशेषज्ञ डा. शरद गुप्ता मौजूद रहे। कालेज की प्राचार्या प्रो. भारती भागड़ा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण छात्रों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हैं।